दैनिक भास्कर उदयपुर 11-07-2026

# जिंक के स्वास्थ्य शिविरों से 1100 से ज्यादा ग्रामीणों को मिला लाभ



उदयपुर। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपनी सीएसआर स्वास्थ्य सेवा पहल के तहत ममता एचआईएमसी के सहयोग से राजस्थान और उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए।

आगुचा, चंदेरिया, जावर, दरिबा और पंतनगर में आयोजित इन शिविरों से 1100 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए, जिनमें 561 महिलाएं और 540 पुरुष शामिल रहे। शिविरों में गायनेकोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ और जनरल फिजीशियन की टीम ने स्वास्थ्य परामर्श और जांच सेवाएं प्रदान कीं।

लाभार्थियों के लिए हीमोग्लोबिन, रक्तचाप और रैंडम ब्लड शुगर की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।